भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2809

दिनांक 18 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**चीनी उत्पादों पर प्रतिबंध**

**2809 श्रीमती मंजू शर्मा:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने चीनी उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने के लिए कोई कदम उठाया है/उठाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) से (ग)** भारत सरकार समय–समय पर वस्तुओं, जिनमें राष्ट्रीयहित से संबंधित वस्तुएं भी शामिल हैं, के आयात को विनियमित करने के लिए उचित उपाय करती है। भारत और चीन दोनों ही डब्ल्यूटीओ के सदस्य हैं और लगाए गए किसी भी व्यापार प्रतिबंध को डब्ल्यूटीओ के अनुरूप होना चाहिए। सरकार ने समय–समय पर विभिन्न हितधारकों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं का समाधान करने के लिए डब्ल्यूटीओ के अनुरूप उपाय (नीति और व्यापार उपाय दोनों) की समीक्षा की है और उन्हें अपनाया है।

*****